श्री धर्मेंद्र प्रधान : माननीय सभापति जी, आदरणीय राजीव शुक्ला जी ने प्रश्न पूछा है कि आदिवासी युवाओं के बारे में क्या करना है। अभी मेरे senior colleague, श्री अर्जुन मुंडा जी ने 'पीएम जनमन योजना' के अंदर स्किल डेवलपमेंट के बारे में जो प्रमुख कंपोनेंट है, उसके बारे में उल्लेख किया है। भारत सरकार का ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, एग्रीकल्चर विभाग, स्किल डिपार्टमेंट और सभी राज्य सरकारें फोकस्ड तरीके से देश के ग्रामीण युवाओं की स्किल कैपेसिटी बढ़े, इसके संबंध में योजना बना रही हैं। मैंने इसका एक विवरण रखा है।

श्री राजीव शुक्ला : सर, कुछ प्राइवेट कंपनीज़ के साथ गवर्नमेंट collaboration कर रही है, जैसे Blinkit, Apna, Quess आदि हैं। क्या ऐसा नहीं है कि इन लोगों को कुछ फायदा हो जाए या इनको सेलेक्ट करने का कोई प्रोसीजर है? ...(**समय की घंटी**)...

श्री धर्मेंद्र प्रधान : सर, हमारी सरकार में पारदर्शिता है, बाकी मेरे मित्र राजीव शुक्ला जी की दृष्टि में चाहे जो दिखे, हमारे यहां तो सारे पारदर्शी हैं।

MR. CHAIRMAN: The House is adjourned to meet at 2 p.m. today.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://rajyasabha.nic.in/Debates/OfficialDebatesDateWise]

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock,
MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS 2023-2024

MR. CHAIRMAN: Supplementary Demands for Grants 2023-2024; Shri Pankaj Chaudhary.

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) : महोदय, मैं अनुपूरक अनुदान मांगों, 2023-24 को दर्शाने वाला विवरण (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

SHORT DURATION DISCUSSION

*Economic Situation in the Country

श्री जयराम रमेश (कर्नाटक) : सर, हाउस में कोई भी कैबिनेट मंत्री उपस्थित नहीं हैं। I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

* Further discussion continued from the 5th December, 2023.